तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 मई 2024

06 शासकीय विद्यालय घीना में शिक्षकों, पालकों व प्रबंधन ...

04 अंडरग्राउंड बिजली केबलिंग ने बिगाड़ा ...




## खबर संक्षेप

### इंजीनियर बनना चाहता है टॉपर राहुल



**बालोद।** कक्षा दसवीं की प्रावीण्य सूची में 4था स्थान प्राप्त करने वाले प्रियदर्शिनी स्कूल अर्जुन्दा के छात्र राहुल गंजीर इंजीनियर बनना चाहते हैं। पिताजी लेखराम गंजीर व माता दोनों शासकीय स्कूलों में शिक्षक हैं। तीन भाई बहनों में सबसे छोटा होने के कारण बड़े भाई व बहन का भरपूर प्यार, सहयोग मिला। परिवार के स्नेह, मार्गदर्शन से राहुल ने ग्राम में रहकर सफलता के शिखर को प्राप्त किया है। भाई बीएड कर रहे हैं, तो बहन ने नीट की परीक्षा दी है।

### गुरूर के तीन बच्चे प्रावीण्य सूची में विधायक संगीता ने दी बधाई



**गुरूर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में जारी प्रावीण्य सूची में विकासखण्ड के तीन बच्चों ने प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। शासकीय हाई स्कूल फागुन्दाह की पद्मनी शाडिल्य एवं शासकीय हाई स्कूल की जिज्ञासा ने प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है, वहीं शासकीय हाई स्कूल भानपुरी के छात्र खोमेन्द्र ने 8वीं रैंक हासिल की है। यह पहला अवसर है जब विकासखण्ड के तीन बच्चों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में एक साथ तहसील का नाज दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि सभी शासकीय विद्यालय के छात्र हैं एवं सभी ग्रामों में रहकर बिना ट्यूशन, कोचिंग क्लास के ही स्वयं की पढ़ाई से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। वहीं, भानपुरी व धनेली स्कूल तो पूरे सत्र शिक्षकों की कमी से जूझते रहे हैं। विधायक संगीता सिन्हा गुरूवार को रायपुर प्रवास पर थीं। उन्होंने फोन के माध्यम से ही सभी सफल बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आया ट्रक के केबिन में बैठा मजदूर, मौत



**बालोद।** ट्रक के केबिन में बैठा एक मजदूर हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। करेंट लगने से मजदूर की मौत हो गई। घटना बुधवार शाम करीब 6 बजे कोरगुड़ा स्थित शिवा राइस मिल के सामने की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कलकसा निवासी दरबार ठाकुर 35 वर्ष ट्रक में हमाली कार्य करता था। वह शिवा मिल के ठीक सामने ही ट्रक के ऊपर केबिन में बैठा था। इसी दौरान ट्रक आगे बढ़ता गया और वह हाईटेंशन ▶▶ शेष पेज 05 पर

## नतीजा : छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किए बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम

# कक्षा 10वीं की प्रावीण्य सूची में 20 फीसदी बच्चे बालोद जिले के, 12वीं में एक छात्र ने बनाई जगह

## जिले में 12वीं का परिणाम 91.17 तथा 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 81.85 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गुरुवार को कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए।इसके साथ ही अस्थायी प्रावीण्य सूची की भी घोषणा कर दी गई है। इस बार प्रावीण्य सूची में बालोद जिले के बच्चों का दबदबा रहा। कक्षा 10वीं की प्रावीण्य सूची में शामिल 59 बच्चों में से जहां जिले के 11 बच्चों ने स्थान बनाया है, वहीं दूसरी ओर कक्षा 12वीं के टॉप टेन में शामिल 20 बच्चों में जिले के एक छात्र ने भी जगह बनाई है। इस तरह कुल 12 परीक्षार्थी प्रावीण्य सूची में अपनी जगह बनाने में सफल रहे। यदि जिले की बात करें, तो इस बार हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम 91.17 प्रतिशत एवं हाई स्कूल बोर्ड का परीक्षा परिणाम 81.85 प्रतिशत रहा है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी राज्यस्तरीय प्रावीण्य सूची में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत कक्षा 10वीं के प्रियदर्शिनी पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल अर्जुंदा के छात्र राहुल गंजीर एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल बालोद की छात्रा डाली साहू ने 98.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर चौथा स्थान हासिल किया है। इसी तरह शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल फागुनदाह की छात्रा पद्मनी शांडिल्य तथा शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल धनेली की छात्रा जिज्ञासा ने 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में पांचवा स्थान हासिल किया है। ▶▶ शेष पेज 05 पर

### प्रावीण्य सूची के 12 में से 11 टॉपर्स शासकीय विद्यालयों से

**बालोद।** गुरुवार का दिन बालोद जिले के लिए स्वर्णिम रहा है। जिले भर में चारों तरफ खुशी की लहर छाई हुई है। दरअसल जिले के 12 होनहार विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिले का नाम दर्ज कराया है। इसमें बारहवीं के एक परीक्षार्थी ने व कक्षा दसवीं के 11 विद्यार्थियों का भी टॉप टेन में दबदबा रहा। सबसे ज्यादा 7 बेटियों ने बाजी मारी है। सबसे बड़ी बात यह भी है कि सभी 12 टॉपर्स में से 11 टॉपर्स शासकीय स्कूलों से हैं। शासकीय स्कूलों की पढ़ाई व्यवस्था को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इस साल परिणाम जो सामने आया है, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शासकीय स्कूलों में भी पढ़ाई के स्तर में काफी सुधार हुआ है।



### टॉप टेन में इन 12 बच्चों ने बनाई जगह

| कक्षा | नाम | प्रतिशत | प्रदेश में स्थान |
|---|---|---|---|
| 12वीं | हर्षवती साहू | 96/ | पांचवा |
| 10वीं | राहुल जंजीर | 98.17 | चौथा |
| 10 वीं | डॉली साहू | 98.17 | चौथा |
| 10वीं | पद्मनी शांडिल्य | 98 | पांचवा |
| 10वीं | जिज्ञासा | 98 | पांचवा |
| 10वीं | लुकेश राजपूत | 97.83 | छठवां |
| 10वीं | बबिता साहू | 97.83 | छठवां |
| 10वीं | तोषण कुमार | 97.50 | आठवां |
| 10वीं | खोमेंद्र कुमार | 97.50 | आठवां |
| 10वीं | खुशी टुवानी | 97.33 | नौवां |
| 10वीं | हेमप्रज्ञा साहू | 97.17 | दसवां |
| 10वीं | रितिक देवांगन | 97.17 | दसवां |

### सिविल सिर्विसेस में जाना चाहती हैं जिले की टॉपर डॉली



स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बालोद की छात्रा डॉली साहू ने 10 वी बोर्ड की परीक्षा में 98.17 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। डॉली के पिता पुषण साहू व्याख्याता हैं। माता-पिता ने डॉली को प्रोत्साहित किया है। डॉली साहू ने बताया कि दिन में तीन से चार घंटे की पढ़ाई करती थीं। ग्राम कन्नेवाड़ा में शिक्षक के पद पर पदस्थ पिता पुषण साहू ने बताया कि बेटी जो आगे पढ़ना चाहती है, आगे पढ़ाने के लिए तैयार हूँ। डॉली साहू ने बताया कि वह कक्षा दसवीं में सभी विषयों का अध्ययन बहुत ही गम्भीरता पूर्वक ▶▶ शेष पेज 05 पर

### 12वीं में 8450 में से 4904 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने बताया कि हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत बालोद जिले के कक्षा 12वीं के नियमित, स्वाध्यायी एवं पत्रचार के विद्यार्थियों को मिलाकर 3484 बालक एवं 5004 बालिका सहित कुल 8488 विद्यार्थियों में से 3459 बालक एवं 4996 बालिका सहित कुल 8455 विद्याथएँ परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा ▶▶ शेष पेज 05 पर

### 10वीं में 10911 में से 4613 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत बालोद जिले के कक्षा 10वीं के नियमित, स्वाध्यायी एवं पत्रचार के विद्यार्थियों को मिलाकर 4955 बालक एवं 6019 बालिका सहित कुल 10974 विद्यार्थियों में से 4905 बालक एवं 6007 बालिका सहित कुल 10912 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न कारणों से 01 बालक का परीक्षा परिणाम ▶▶ शेष पेज 05 पर

### कलेक्टर ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने माशिमं द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में जिले के विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। श्री चंद्रवाल ने कहा कि जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी का परीक्षा परिणाम बहुत ही उत्कृष्ट एवं सराहनीय है। चन्द्रवाल ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों के अथक परिश्रम एवं लगन के साथ शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों एवं शिक्षकों के मेहनत एवं कार्य के प्रति समर्पण के फलस्वरूप ही जिले में बेहतर नतीजे आए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में कक्षा 12वीं के 01 विद्यार्थी तथा कक्षा 10वीं के कुल 11 विद्यार्थियों का नाम शामिल होना, निश्चित रूप से हमारे जिले के लिए गौरव की बात है।

### अच्छे अंक नहीं आए हों, तो भी निराश न हों

कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कहा कि आज जारी किए गए परीक्षा परिणाम के अंतर्गत किसी कारण से विद्यार्थी यदि अच्छे अंक नहीं कर पाए हैं, तो उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थी आगामी समय में मेहनत कर अपने परीक्षा परिणाम को बेहतर कर सकते हैं।

# जिला ग्रंथालय में अध्ययन के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी सभी जरूरी सुविधाएं : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिला ग्रंथालय बालोद में अध्ययन–अध्यापन के लिए आने वाले लोगों को आवश्यक सुविधा एवं अनुकूल परिवेश प्रदान करने के लिए जिला ग्रंथालय में सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

श्री चन्द्रवाल प्रेस क्लब बालोद द्वारा जिला ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विद्यार्थियों के लिए पाठ्य पुस्तक दान करने के संबंध में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। चन्द्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की मांग पर जिला ग्रंथालय में सीसीटीवी कैमरा एवं वाटर कूलर लगाने तथा ई–लाईब्रेरी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर इंजीनियर ताराचंद साहू ने छत्तीसगढ़ एवं यूपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए जिला ग्रंथालय में हिन्दी एवं अग्रेंजी माध्यम की किताबें भी दान की। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, एसडीएम शीतल बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, प्रेस क्लब बालोद के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विद्यार्थियों के लिए पुस्तक दान करने के लिए इंजीनियर ताराचंद साहू का मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उनके इस कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इसके लिए उन्होंने हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन की मंशा है कि जिला ग्रंथालय बालोद में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े नवयुवकों की संख्या में वृद्धि होनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने नगर के नर्सिंग अस्पताल के संचालक डॉ. तारेश रावटे की जिला ग्रंथालय के प्रति योगदान की भी सराहना की।

चन्द्रवाल ने जिला ग्रंथालय की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने तथा जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी बात कही। कलेक्टर ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से जिला ग्रंथालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिला ग्रंथालय की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु योजना बनाने को कहा। जिससे की व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विद्यार्थियों को इंजीनियर ताराचंद साहू द्वारा दान की गई किताबों की प्रति भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े सभी युवक–युवतियों को कड़ी मेहनत करते हुए लक्ष्य हासिल कर अपने माता, पिता एवं जिले का नाम रोशन करने को कहा। इस अवसर पर इंजीनियर ताराचंद साहू तथा नर्सिंग अस्पताल बालोद के संचालक डॉ. तारेश रावटे ने भी अपना ▶▶ शेष पेज 05 पर

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
छ.ग. के छात्रों एवं अभिभावकों के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय संस्थान : GOAL
Congratulations...
to all the Students
Passed in 10th & 12th Chhattisgarh Board
Best Wishes for Future Journey...
50% छात्रवृत्ति
12th छ.ग. बोर्ड परीक्षा परिणाम में आये प्रथम 10 विद्यार्थियों के लिए।
DROPPER BATCH NEET / JEE
& 9th | 10th | 11th | 12th Admission Open...
1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May
BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI: GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI: 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



## खबर संक्षेप



### वन बंधु महिला समिति की बैठक में आगामी कार्यों पर हुई चर्चा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एकल कार्यालय में बुधवार को वन बंधु परिषद महिला समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अप्रैल माह में किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा के साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई। इसी दौरान मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि 5 से 7 अप्रैल को कोलकाता में आयोजित युवा सम्मेलन और पूर्वी क्षेत्र की बैठक में कांता सिंघानिया सहित 3 सदस्यों ने भाग लिया था, वही रायपुर महिला समिति ने पूर्वी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ संक्रांति संग्रह का दूसरा पुरस्कार कोलकत्ता में जीता। श्रीमती राठी ने बताया कि समिति की सदस्यों द्वारा 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। बैठक में अंजली तापड़िया ने कार्यक्रम की रिपोर्टिंग के तरीके को समझाते हुए नए सदस्यों को पंचमुखी शिक्षा की प्रस्तुति के साथ विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सरिता रेखानी, अनिता खंडेलवाल, शताब्दी पांडेय, शशि बागड़ी, मीना अग्रवाल, सविता गुप्ता, सुधा शर्मा, डा. रेणुका शर्मा, मधु सिंघी, पूजा छाबड़ा, मधु मित्तल, पुष्पा साहू, आरती अग्रवाल, संध्या गुप्ता, रीता चोपड़ा, कल्पना खंडेलवाल मौजूद रहीं।

### शुरू नहीं हो पाया आक्सीजन प्लांट

**रायपुर।** कोरोना काल के दौरान पीएम केयर से मिले फंड से डीके अस्पताल के लिए लगाए गए लिक्विड आक्सीजन का प्लांट का काम अब तक शुरु नहीं हो पाया है। इस प्लांट की मदद से अस्पताल में भर्ती मरीजों को आवश्यक होने पर आक्सीजन सप्लाई की सुविधा मिल पाती। प्लांट बनाने के बाद इसकी गैस की सप्लाई अस्पताल परिसर तक करने के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम भी पूरा किया जा चुका है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्लांट की शुरुआत करने के लिए कुछ अनुमति प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है जिसका काम अधूरा पड़ा है जिसकी वजह से प्लांट अभी भी शो-पीस बना हुआ है।

### आचार संहिता के बाद ई-लाइब्रेरी शुरू होने के आसार

**रायपुर।** शासकीय डेंटल कालेज के छात्रों को ई-लाइब्रेरी की सुविधा आचार संहिता के बाद मिलने की संभावना बढ़ गई है। संजीवनी एक्सप्रेस का संचालन करने वाली पुरानी कंपनी से भवन वापस मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने इस ओर अपना ध्यान देने शुरु किया था। लाइब्रेरी निर्माण के लिए अस्पताल द्वारा गठित कमेटी द्वारा विभिन्न बढ़े शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया था। करीब दस करोड़ की लागत से बनने वाले इस लाइब्रेरी का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जा चुका था जिस पर किसी तरह का फैसला होने से पहले आचार संहिता लागू हो गया था।

### मंत्रालय में नवनियुक्त कर्मचारियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**रायपुर।** मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन सेवा में नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए ओरियेंटेशन (प्रशिक्षण) कार्यक्रम का आयोजन सामान्य प्रशासन विभाग के तत्वावधान में किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अन्बलगन पी ने नवनियुक्त कर्मचारियों को मंत्रालयीन कार्य के संबंध महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, अधिकारी कर्मचारी अपने अच्छे कार्य से प्रगति कर सकते है। उन्होंने कार्य पूरी मेहनत, लगन एवं समपर्ण की भावना से करने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण के महत्व के संबंध में भी बताया। कार्यक्रम के दौरान मंत्रालयीन अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव के बारे में बताया।

# अंडरग्राउंड बिजली केबलिंग ने बिगाड़ा फायबर नेट का सिस्टम, उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में अंडरग्राउंड बिजली केबिलंग का काम चल रहा है, जिसके कारण विद्युत खंभों को हटाया जा रहा है। जिन खंभों को हटाया जा रहा है, उनमें विभिन्न कंपनियों के फायबर नेट केबल भी लगे हुए हैं। इन खंभों को हटाने के दौरान फायबर नेट केबलिंग को भी हटाया जा रहा है, जिसके कारण लाखेनगर, पुरानी बस्ती सहित आसपास के इलाकों के 100 से अधिक घरों में लगे जियो फायबर नेट की सेवा ही पिछले सप्ताहभर से ठप है।

हरिभूमि सरोकार

स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर में विद्युत खंभों को हटाकर केबल को अंडरग्राउंड कराने का काम कराया जा रहा है। इसके तहत केबल बिछाने के लिए खुदाई करने का काम नगर निगम को सौंपा गया है, वहीं खुदाई के बाद केबल बिछाने और विद्युत खंभों को हटाने का काम बिजली विभाग कर रहा है। विद्युत खंभों में जियो सहित अन्य कंपनियों के फायबर नेट केबल भी लगे हुए हैं। खंभों को हटाने के दौरान नेट केबल को भी हटाया जा रहा है, जिसके कारण जियो का फायबर नेट केबल क्षतिग्रस्त हो रहा है।

पुरानी बस्ती से लाखेनगर में भी विद्युत खंभों को हटाने का काम चल रहा है। इसके कारण यहां खंभों में लगी जियो के फायबर नेट केबल को काटकर हटा दिया गया, जिसके कारण इस क्षेत्र के लगभग 100 घरों में पिछले सप्ताहभर से जियो फायबर नेट ही बंद पड़ा है, जिसके कारण इसकी सेवा ले रहे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है। नेट नहीं होने के कारण मोबाइल और एलईडी टीवी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

## लाखेनगर-पुरानी बस्ती क्षेत्र के लगभग 100 घरों में जियो फायबर नेट की सेवा ठप



फाइल फोटो

- खुदाई के बाद केबल बिछाने और विद्युत खंभों को हटाने का काम बिजली विभाग कर रहा
- नेट नहीं होने के कारण मोबाइल और एलईडी टीवी का उपयोग नहीं कर पा रहे

### नगर निगम से की है शिकायत

अंडरग्राउंड केबलिंग के कारण विद्युत खंभों को हटाया जा रहा है। इसके कारण क्षेत्र में फायबर नेट की समस्या आ रही है। इस संबंध में नगर निगम से शिकायत की गई है।
- **जीतेंद्र अग्रवाल,** पार्षद, महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

### डीडीनगर में भी 3 दिन से सेवा बंद

शहर के डीडी नगर क्षेत्र के सेक्टर-1 में पिछले 3 दिन से जियो फायबर नेट की सेवा बंद है, जिसके कारण इस क्षेत्र के रहवासी भी नेट चालू नहीं होने से परेशान है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में एक विद्युत खंभे में आग लगी थी। इस खंभे में जियो फायबर नेट की केबल भी लगी हुई है। संभवतः इस आग के कारण ही जियो फायबर केबल जल गई है, जिसके कारण इसकी सेवा भी ठप है।

## शिकायत के बाद भी विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की

# चिखली खदान में बड़ी चेन माउंटेन मशीनों से दिन-रात किया जा रहा रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र स्थित चिखली रेत खदान में रेत माफिया दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करा रहे हैं। इसके लिए खदान में बड़ी चेन माउंटेन मशीनें लगाकर बहुत कम समय में हाईवा गाड़ियों में रेत की लोडिंग कराकर परिवहन किया जा रहा है। खदान में चल रहे इस अवैध उत्खनन का लाइव वीडियो बनाते हुए छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन संघ ने खनिज विभाग से शिकायत भी की है, लेकिन इस शिकायत के बावजूद खदान में चल रहे अवैध उत्खनन को रोकने के लिए विभाग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके कारण खदान में रेत माफिया के लोग बेखौफ होकर रेत का उत्खनन व परिवहन कर रहे हैं।

खास खबर

### वीडियो में चेन माउंटेन मशीन से हाइवा में रेत लोडिंग करते लोग भी दिख रहे

छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने चिखली रेत खदान में चल रहे अवैध रेत का उत्खनन का विडियो बनाया है। इस विडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कुछ लोग नदी किनारे से चेन माउंटेन मशीन से रेत का उत्खनन कर हाईवा में लोडिंग कर रहे हैं। यह विडियो रात में बनाया गया है। इस विडियो में 5-6 चेन माउंटेन मशीनों के साथ आधा दर्जन से अधिक हाईवा गाड़ियां दिखाई दे रही हैं, जिसमें रेत भरी जा रही है। संघ के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बताया कि इसकी शिकायत वे खनिज विभाग के अधिकारियों व इंस्पेक्टरों से कर चुके हैं, लेकिन अब तक इसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

*रेत माफिया को संरक्षण प्राप्त : विनोद अग्रवाल ने कहा है कि शिकायत के बाद भी रेत माफिया के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे स्पष्ट है कि रेत माफिया को किसी ऐसे व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है, जिसकी पकड़ विभाग के अधिकारियों तक है, इसलिए शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।*



### एनओसी के बिना जारी खदान में उत्खनन

सूत्रों के अनुसार चिखली रेत खदान को सीआ से रायल्टी पर्ची पर उत्खनन करने की एनओसी नहीं मिल पाई है। इसके बाद भी खदान में रेत का उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार एनओसी मिलने के बाद भी खदान में रेत की लोडिंग मजदूरों के जरिए कराया जाना है, लेकिन ठेकेदार चेन माउंटेन मशीन से लोडिंग करा रहे हैं।

### 13 में 4 को एनओसी, वहां भी नियम विरुद्ध लोडिंग

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में 13 रेत खदानों में अब तक 4 खदानों को ही सीआ से एनओसी मिल पाई है। इनमें कुरुद, हल्दीडीह, पारागांव एवं कुम्हारी में एक-एक खदान है। इन खदानों में भी नियम विरुद्ध तरीके से चेन माउंटेन मशीनों से ही रेत की लोडिंग कराई जा रही है।

### शिकायत मिली है तो कार्रवाई कराएंगे

चिखली खदान में अवैध रेत उत्खनन-परिवहन किए जाने की शिकायत आई है, तो इस पर कार्रवाई कराएंगे।
- **गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

# दो दिन लगातार ड्यूटी, थकान मिटाने कोई पूरे दिन-कोई आधे दिन रहे छुट्टी पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव में रायपुर जिले के विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग बूथों पर ड्यूटी करने वाले कई अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी की थकान मिटाने के लिए बुधवार को अवकाश पर रहे, वहीं कई आधे दिन की छुट्टी पर रहे।

जिलेभर से पोलिंग बूथों पर लगभग साढ़े 11 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके साथ अधिकारियों की भी पोलिंग बूथों पर नजर रखने के साथ अन्य चुनाव गतिविधियों की जिम्मेदारी दी गई थी। इस तरह सभी अधिकारी-कर्मचारी 6 मई को सुबह 6 बजे से मतदान सामग्री वितरण व मतदान दलों के पोलिंग बूथों पर रवाना करने के दिन से लेकर दूसरे दिन 7 मई को शाम 6 बजे मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा करने तक लगातार दो दिन तक ड्यूटी करते रहे। ईवीएम मशीनों को जमा करने का काम स्ट्रांग रूम में देर रात तक चलता रहा। इस कारण कई अधिकारी-कर्मचारी सुबह अपने घर लौट पाए। इसके कारण कई अधिकारी-कर्मचारी पूरी तरह से थक चुके थे। इस थकान को मिटाने के लिए कई अधिकारी-कर्मचारी पूरे दिन, तो कई आधे दिन की छुट्टी लेकर आराम करते रहे। इधर इन अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर रहने के कारण कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के दफ्तरों से लेकर, तहसील कार्यालय एवं शिक्षा विभाग कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा।

### मिलेगा मानदेय

चुनाव ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी के रूप में मानदेय दिया जाएगा। यह मानदेय पद के अनुसार अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया जाएगा। हालांकि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान कई कर्मचारियों और अधिकारियों को मानदेय अब तक नहीं मिल पाया है। जिन्हें मानदेय नहीं मिला है, ऐसे अधिकारी-कर्मचारी संकोच के कारण जिला प्रशासन के अधिकारियों से मानदेय की मांग भी नहीं कर रहे हैं, जबकि दूसरी ओर अधिकारियों का कहना है कि मानदेय सभी को मिल चुका है। अगर जिन्हें नहीं मिला है, तो वे आकर हमें बताएं, उन्हें भी दिया जाएगा।

# प्रशासनिक प्रक्रिया से बाहर नहीं निकली पैट सीटी मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद कैंसर प्रभावित मरीजों के बीच जांच की सुविधा को लेकर जागी उम्मीद अधूरी प्रशासनिक प्रक्रिया की वजह से पूरी नहीं हो पाई है। इस मशीन की टेस्टिंग के लिए अस्पताल प्रबंधन को प्रशासनिक स्वीकृति मिलने का इंतजार है।

आंबेडकर अस्पताल में वर्ष 2018 में करीब कैंसर के मरीजों की जांच के लिए पैट सीटी मशीन एवं गामा कैमरा खरीदा था। मशीन लगाने के बाद इसका उपयोग शुरु नहीं हो पाया था और मामला विवादों में फंस गया था। कुछ माह पहले नए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मरीज हित को ध्यान में रखते हुए उक्त मशीन को पुनः शुरु करने के निर्देश दिए थे। इससे बाद लोगों को आस जागी थी कि इसका फायदा मिलेगा मगर इसके बाद मामला पुनः प्रशासनिक स्वीकृति पर जाकर अटक गया है। अस्पताल प्रबंधन मशीन को लेकर किसी भी तरह की जांच अथवा अन्य कार्य बिना प्रशासनिक सहमति के शुरु नहीं कर सकता। मशीन की सक्रियता परखने के लिए सबसे पहले उसके जांच संबंधित कंपनी के इंजीनियरों से करानी पड़ेगी। यह काम तभी शुरु हो सकता है जब शासन की ओर से इसके लिए स्वीकृति मिल सके। शासकीय स्तर पर पैट सीटी मशीन के माध्यम से जांच की सुविधा केवल एम्स में है जहां मरीजों को दो से तीन माह तक इंतजार करना पड़ता है। निजी अस्पतालों में इसके लिए मरीजों को दस हजार रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं।

- **आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन कर रहा स्वीकृति का इंतजार**

# अगले साल टीबी उन्मूलन का लक्ष्य, अस्पतालों में दवा का टोटा, भटक रहे मरीज, केंद्र से नियमित आपूर्ति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अगले साल तक छत्तीसगढ़ समेत पूरे भारतवर्ष को टीबी मुक्त बनाने के दावे के बीच संक्रमित मरीज दवाओं के लिए भटक रहे हैं। केंद्र से नियमित सप्लाई नहीं होने की वजह से सरकारी अस्पतालों में इसका टोटा है और कई चक्कर लगाने के बाद मरीजों को महीनेभर की दवा नहीं मिल पा रही है। टीबी नियंत्रण के लिए छह महीने तक लगातार दवाओं का सेवन करना आवश्यक है, नहीं तो इसका समाधान होना मुश्किल होता है।

नियम के अनुसार टीबी संक्रमित मरीजों को घर के समीप स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में संबंधित दवा की सुविधा दी जाती है। पिछले तीन महीने से दवा का स्टाक कम होने की वजह से पंजीकृत मरीजों को इसके लिए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार टीबी के प्राथमिक लक्षण मिलने के बाद संबंधित मरीज को 3 एफडीसी अथवा 4 एफडीसी नामक दवा निशुल्क दी जाती है। व्यवस्था सामान्य रहने के दौरान पंजीकृत संक्रमित शख्स नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में शासकीय व्यवस्था के तहत एक से दो महीने की दवा लेकर आता था, मगर अभी स्थिति बदली हुई है। संक्रमितों को विभिन्न अस्पताल के चक्कर लगाने के बाद सप्ताहभर की दवा मिल पा रही है। सूत्रों के अनुसार दवा की सप्लाई केंद्र स्तर पर की जाती है, जो पिछले कुछ समय से नियमित नहीं है। इसकी वजह से स्वास्थ्य केंद्रों में भी इसकी कमी हो चुकी है, जिसका सीधा असर टीबी उन्मूलन के लिए चलाए जाने वाले अभियान पर पड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा है। दवा की दिक्कत छत्तीसगढ़ के साथ देश के कुछ अन्य राज्यों में भी बनी हुई है।

हरिभूमि सरोकार

## नियंत्रण के लिए छह महीने का कोर्स अनिवार्य नहीं तो समाधान नहीं

### लूज दवाओं का उपयोग

शासकीय स्तर पर जो दवा उपलब्ध कराई जाती है, वह कई फार्मूला मिलाकर बनाई जाती है। इसकी आपूर्ति नहीं होने की वजह से मरीजों की परेशानी को ध्यान में रखकर अलग-अलग फार्मूले की लूज दवा देकर काम चलाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि यह दवा मेडिकल स्टोर्स में नहीं मिलती, जिसकी वजह से परेशानी ज्यादा है। कई बार सभी लूज दवा एक साथ नहीं मिलने की वजह से मरीजों को कई स्वास्थ्य केंद्रों के चक्कर लगाना पड़ जाता है।

### दवा की खेप मिली, जल्द समाधान

पिछले कुछ समय से टीबी संबंधित दवा की कमी के कारण दिक्कत हो रही थी। इसकी नई खेप आ चुकी है, जिसे जल्दी ही स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से मरीजों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।
- **डॉ. अविनाश चतुर्वेदी,** जिला नोडल अफसर, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम

### इनकी परेशानी

*केस-1*
*रायपुरा में रहने वाले परमेश साहू (परिवर्तित नाम) ने बताया कि पिता पिछले चार माह से टीबी की दवा खा रहे हैं। दवा के लिए उसे कई स्वास्थ्य केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।*

*केस-2*
*आरंग ब्लाक के मरीज रविंद्र (बदला नाम) ने बताया कि पहले स्वास्थ्य केंद्रों में दो महीने की दवा आराम से मिल जाती थी, मगर सप्ताहभर अथवा पंद्रह दिन के डोज के लिए भटकना पड़ता है।*

*केस-3*
*उरकुरा में रहने वाले उत्कर्ष साहू के अनुसार पहले उरला अथवा गुढ़ियारी के स्वास्थ्य केंद्र में दवा मिल जाती थी। इस बार दवा के लिए उसे कालीबाड़ी अस्पताल तक आना पड़ा।*

### राज्य में करीब 20 हजार मरीज

सूत्रों के अनुसार राज्य में टीबी संक्रमित पंजीकृत मरीजों की संख्या 20 हजार के आसपास है। विभागीय स्तर पर इन्हें उपचार के साथ निक्षय मित्र योजना के तहत छह महीने तक पौष्टिक भोजन के लिए फूड बैग भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रायपुर जिले में करीब छह हजार मरीज पंजीकृत हैं, जिन्हें संक्रमण मुक्त करने के लिए निशुल्क दवा उपलब्ध कराई जा रही है।

# रायपुर लोकसभा में 66.82% पड़े वोट पिछले चुनाव की तुलना में कम हुई वोटिंग

**वोटिंग में 8 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुष मतदाता आगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर लोकसभा सीट के लिए इस बार कुल 66.82 प्रतिशत वोटिंग हुई है। मंगलवार को मतदान के दिन शाम 5 बजे तक वोटिंग का प्रतिशत 61.25 था। इसमें 5 से 6 बजे के बीच हुई एक घंटे की वोटिंग का प्रतिशत 4.85 रहा। इस तरह वोटिंग कुल प्रतिशत बढ़कर 66.82 पहुंच गया है। वास्तविक प्रतिशत निकाले जाने के बाद रायपुर लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों में सबसे ज्यादा वोटिंग का प्रतिशत अभनपुर विधानसभा में दर्ज किया गया है। यहां 81.19 प्रतिशत वोटिंग हुई है, वहीं 75.64 प्रतिशत वोटिंग के साथ धरसींवा विधानसभा दूसरे नंबर पर रहा। इसी प्रकार रायपुर ग्रामीण में 59.24%, रायपुर पश्चिम में 56.65%, रायपुर उत्तर में 57.71%, रायपुर दक्षिण में 61.42%, आरंग में 72.73% वोट पड़े हैं। इसके अलावा बलौदाबाजार में 73.24% तथा भाटापारा विधानसभा में 69.53 % वोटिंग हुई है। इस तरह सबसे कम वोटिंग रायपुर पश्चिम में हुई है। रायपुर लोकसभा चुनाव में पिछले बार की तरह इस बार भी वोटिंग करने में पुरुष मतदाताओं में ज्यादा उत्साह दिखा, जिसके कारण 9 में से 8 विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं ने महिला मतदाताओं की तुलना में ज्यादा वोट किए हैं। रायपुर ग्रामीण को छोड़कर अन्य सभी विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं का वोटिंग प्रतिशत ज्यादा रहा।



### *अंतिम मतदान दल रात साढ़े तीन बजे लौटा*

*मतदान की प्रक्रिया 7 मई को शाम 6 बजे तक चली। इसके बाद मतदान दल रात करीब 8 बजे से सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को जमा कराने के लिए पहुंचने लगे। विभागीय सूत्रों के अनुसार मतदान दलों के सेजबहार पहुंचने का क्रम रात साढ़े तीन बजे तक चला। आखिरी मतदान दल आरंग विधानसभा क्षेत्र से पहुंचा था। इस दौरान स्ट्रांग रूम में देर रात तक मतदान दलों की ईवीएम मशीनें जमा कराने के लिए भी लंबी कतारें लगी रहीं। ईवीएम मशीनों को जमा करने के दौरान मतदान केंद्र का नंबर, मतदान दल के पीठासीन अधिकारी का नाम, उसके हस्ताक्षर, ईवीएम मशीनों के सीरियल नंबर आदि की एंट्री रजिस्टर में की जा रही थी। इस तरह एक बूथ की ईवीएम मशीनों को जमा करने में 15 से 20 मिनट लग रहे थे, जिसके कारण जमा करने का काम सुबह 8 बजे तक चलता रहा।*

# ऑफिसर कॉलोनी के वोटर भी रुचि नहीं दिखाए वोटिंग में, इसलिए 870 में 372 ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर लोकसभा चुनाव में इस बार शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कम रहा। मतदाताओं ने वोट करने में ज्यादा रूची नहीं दिखाई। इनमें देवेंद्र नगर ऑफिसर कालोनी के वोटर भी शामिल है। इस कालोनी में 870 वीआईपी वोटर है, लेकिन इनमें से महज 372 ही वोटर वोट देने पहुंचे थे। इससे पता चला कि शहर में चाहे ऑफिसर कालोनी हो या फिर आम लोगों की कालोनी। वोट देने के लिए मतदाता बहुत कम निकले।

विदित हो कि जिले में मतदान शुरू होते ही सुबह से प्रशासन के अधिकारी वोटिंग करके अपने फोटो सोशल मीडिया में शेयर करने लगे थे, जिससे आम वोटर मतदान करने के लिए प्रेरित हों, लेकिन देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी के लोग इससे ज्यादा प्रेरित नहीं हुए। यहां के वोटरों के लिए आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था। इसमें सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक सिर्फ 372 वोटर ही पहुंचे। इससे पहले विधानसभा चुनाव के दौरान भी यहां सिर्फ 354 वोटर ही पहुंचे थे। चौंकाने वाली बात यह है कि ग्रामीण और बस्ती इलाकों के पोलिंग बूथों में वोटिंग का प्रतिशत 80 फीसदी तक रहा है। दूसरी ओर आईएएस और आईपीएस रैंक के अधिकारी व उनके परिवार जहां रहते हैं, वहां 46 प्रतिशत ही मतदान हुआ है।

एक अभियान में बताया था कि शहर में 6 लाख से ज्यादा लोग वोटिंग करने नहीं पहुंचते। इनमें शिक्षित वर्ग के मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी में ऐसे अधिकारी निवास करते हैं जिन्हें वोटिंग कराने का जिम्मा मिला था। इसके बाद भी अधिकतर अधिकारी वोटिंग करने के लिए नहीं निकले।

## खबर संक्षेप



### रेडक्रॉस के वालेंटियर्स का किया गया सम्मान

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसाईटी के द्वारा कोरोना काल की विषम परिस्थिति में मरीजों को भोजन, दवाईंया एवं आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने जैसे अनेक पुनीत कार्य किया गया है। इसके अलावा रेडक्रॉस सोसाईटी के सदस्यों के द्वारा निक्षय मित्र बनकर 06 मरीजों को पोषण आहार देने जैसे कार्यों के अलावा स्वच्छता अभियान, यातायात, सड़क सुरक्षा अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर जनहित के कार्यों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने देहदान करने वाली सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं रेडक्रॉस सोसाईटी के आजीवन सदस्य कमला वर्मा के कार्यों को अत्यंत अतुलनीय बताते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति उन्हें विनम्र आभार व्यक्त किया। कलेक्टर ने कमला वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे एवं इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला बालोद के अध्यक्ष डॉ. एमके सूर्यवंशी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले रेडक्रॉस के वालंटियरों को प्रशस्ति पत्र, किट एवं बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### साहू समाज के पदाधिकारियों ने खलारी निवासी बुजुर्ग सुखदेव से की मुलाकात



**गुण्डरदेही।** साहू समाज के पदाधिकारी संरक्षक केशव राम साहू, अध्यक्ष मानसिंह सार्वा, जे.आर. कलिहारी ने ग्राम खलारी निवासी 93 वर्षीय वयोवृद्ध सुखदेव राम साहू से मुलाकात कर उनका हाल–चाल जाना एवं समाज द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों जिसमें छात्रों को निःशुल्क कोचिंग अनेक रूढ़ीवादी परंपराओं पर प्रतिबंध, नशा खोरी पर जागरूकता से अवगत कराया। साथ ही गुण्डरदेही तहसील साहू सदन में 9 डिसमिल जमीन क्रय की गई है, जिसके लिए स्वेच्छापूर्वक उनके द्वारा 31 सौ रुपए समाज को दान दिया गया। इसी प्रकार खिलेश्वरी साहू ने 11 हजार अपने स्वर्गीय पति ललित नारायण की स्मृति में दान किया। अनेक ग्रामवासी समाज को सहयोग करने बढ़–चढ़कर दान दे रहे हैं। जिसमें जनपद अध्यक्ष हेमंत सुचित्र साहू, ग्रामीण अध्यक्ष नाथूराम साहू, परीक्षेत्र अध्यक्ष कल्याण साहू, शिवकुमार, दामोदर साहू, रामकुमार, हीरालाल, संतोष कुमार, तामेश्वर प्रसाद, योगेश्वर प्रसाद, निर्भय राम साहू, मुकेश कुमार, लखन लाल, जेआर. साहू, खूबचंद साहू, नवीन साहू उपस्थित थे।

## कार्रवाई : आज अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाला था विवाह

# अधिकारियों ने रूकवाया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए गुरूवार को जिले के अर्जुन्दा थाना अंतर्गत एक ग्राम में समुचित कार्रवाई की गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि जिला प्रशासन की सक्रियता से गुण्डरदेही विकासखण्ड के एक ग्राम में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई थी। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन में बनाई गई संयुक्त जिला स्तरीय टीम के द्वारा सूचना प्राप्त होते ही उक्त ग्राम में प्रकरण का परीक्षण किया गया। जिसमें ग्राम की वधु का जिला कबीरधाम के वर के साथ 10 मई को दिन शुक्रवार अक्षय तृतीया के दिन होने जा रहा था। प्राप्त सूचना के आधार पर जांच में वर एवं वधु की अंकसूची में जन्म तिथि से संबंधित तथ्यों का परीक्षण करने पर पाया गया कि वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण नहीं हुई है।

ऐसी स्थिति में जिला स्तरीय संयुक्त टीम के द्वारा संबंधित परिवार को इस संबंध में समझाईश देते हुए कानूनी स्थिति से भी अवगत कराया गया। इसके साथ ही जिला



कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कबीरधाम को भी उपरोक्त प्रकरण की सूचना देते हुए उनसें भी इस संबंध में त्वरित कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया। तदुपरांत बाल संरक्षण अधिकारी कबीरधाम के नेतृत्व में जिला कबीरधाम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी कबीरधाम के नेतृत्व में टीम ने वर के परिजनों से भी इस संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें बाल विवाह न करने तथा बाल विवाह संबंधी कानूनी जानकारी दी गई।

पूरी समझाईश के बाद दोनों पक्षों के द्वारा बाल विवाह न करने की सहमति दी तथा वर की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त ही यह विवाह करने पर अपनी रजामन्दी व्यक्त की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देश पर जिला स्तरीय टीम के द्वारा जिले में बाल विवाह के रोकथात सुनिश्चित करने निरंतर निगरानी कर इसकी पुख्ता उपाय की जा रही है। उन्होंने बताया कि यदि आपके क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हो तो चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 एवं जिला बाल संरक्षण इकाई बालोद के दूरभाष क्रमांक 07749–223941 पर तत्काल संपर्क कर सकते हैं।

### बाल विवाह की रोकथाम के लिए समिति गठित

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम हेतु समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करने संयुक्त टीम गठित की गई है। जिसके अंतर्गत टीम 'ए' में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला बाल विकास से संरक्षण अधिकारी नारेन्द्र कुमार का मोबाईल नंबर 9406101286 है। इसी तरह टीम 'ए' में चाईल्ड केस वर्कर शिव कुमार का मोबाईल नंबर 7024726278 तथा चाईल्ड सुपरवाइजर पूजा साहू का मोबाईल नंबर 7746903046 है। इसी तरह पुलिस विभाग से आरक्षक डोमन साहू बेच क्रमांक 363 का मोबाईल नंबर 9630968624 तथा महिला आरक्षक बेच क्रमांक 620 नागेश कोमरे का मोबाईल नंबर 9753929690 है। इसी तरह टीम 'बी' में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला बाल विकास की सामाजिक कार्यकर्ता रंतिका मेश्राम का मोबाईल नंबर 7024443933 है। इसी तरह टीम 'बी' में समन्वयक वेदप्रकाश का मोबाईल नंबर 7999794939 तथा चाईल्ड केस वर्कर विनोद का मोबाईल नंबर 9340264247 है। इसी तरह टीम 'बी' में पुलिस विभाग से कौशल कोसरिया आरक्षक बेच क्रमांक 289 जिनका मोबाईल नंबर 9893983907 तथा महिला आरक्षक क्रमांक 533 दीपमाला साहू जिनका मोबाईल नंबर 9479283983 है।

# छात्राओं ने शिक्षिकाओं के खिलाफ की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ बिना साक्ष्य नकल करने का आरोप लगाए जाने से हैं नाराज

नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के 9वीं एवं 11वीं की छात्राओं ने परीक्षा के दौरान तीन छात्राओं के साथ शाला की कक्षा शिक्षिकाओं द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की शिकायत अपर कलेक्टर बालोद से की है। शिकायत में कहा गया है कि बिना साक्ष्य के चीटिंग करने के आरोप परीक्षा स्थल पर शिक्षिकाओं ने लगाया है। इससे परीक्षार्थियों का मानसिक संतुलन बिगड़ गया और वे प्रश्न पत्र हल करने से वंचित रहे। वहीं, बच्चों ने आरोप लगाया कि घटना सुनकर पालकों ने जब शाला प्रबंधन से शिकायत की, तो शिक्षकों ने फेल करने की धमकी भी दे डाली। इसके विरोध में समस्त छात्र-छात्राओं के माता-पिता के द्वारा प्रबंधन के खिलाफ कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी डौंडीलोहारा लोहारा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी, अपर कलेक्टर एवं छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री माननीय बृजमोहन अग्रवाल के संज्ञान के लिए आवेदन दिया है। इस संबंध में शीघ्र से शीघ्र उचित कार्रवाई की मांग पीड़ित छात्राओं ने की है। एक छात्रा ने वार्षिक व पूरक परीक्षा परिणाम को लेकर असंतुष्टि जताई है, तथा तीनों छात्राओं ने उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति उपलब्ध कराने की बात अपने आवेदन में कही है।

# कलेक्टोरेट में पेड़-पौधों के बीच पसरी गंदगी

**बालोद।** जो पेड़ भीषण गर्मी के दौरान कलेक्टोरेट आने वाले नागरिकों को आश्रय देते हैं। पेड़ का आश्रय पाने वाले उन्हीं पेड़ों को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं।

कलेक्टोरेट परिसर के चारों ओर पेड़-पौधे हैं। कलेक्टोरेट आने वाले ग्रामीण इन्हीं पेड़ों के नीचे बैठकर सुकून के पल बिताते हैं, लेकिन जिन पेड़ों से आश्रय ले रहे हैं। लेकिन, उन्हीं पेड़ों की बर्बादी लोग कर रहे हैं। लोग छांव में बैठकर खाते पीते हैं और उस पेड़ के नीचे कचरे को छोड़ देते हैं। इससे पेड़ के नीचे कचरे का ढेर जमा हो गया है। यहां तक कि लोग प्लास्टिक के बॉटल व पॉलीथिन को पेड़ों के आसपास ही छोड़ देते हैं। इससे पेड़-पौधों को भारी नुकसान पहुंच सकता है। आपको बता दें कि संयुक्त जिला कार्यालय में पुलिस अधीक्षक



कार्यालय भी है, जहां लोग राहत पाने और धूप से बचने पेड़ के नीचे बैठते हैं, वहीं वाहनों को भी पेड़ के नीचे खड़े करते हैं। पेड़ों से आश्रय लेकर पेड़ों की ही बर्बादी करने लोग प्लास्टिक कचरा को फेंक रहे हैं। जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद लोग जागरूक होने के बजाए लापरवाही बरत रहे हैं। पेड़ों के नीचे पड़े कचरे की सफाई के साथ ही गंदगी फैलाने वाले तत्वों की पहचान कर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

# कुम्हार समाज ने मनाई राजा दक्ष प्रजापति की जयंती

**बालोद।** ब्लॉक इकाई बालोद के कुम्हार समाज द्वारा राजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं तथा युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

जयंती के प्रारंभ में राजा दक्ष प्रजापति जी की पूजा अर्चना पश्चात शिवजी की पूजा अर्चना की गई। सभी ने मिलकर राजा दक्ष प्रजापति की आरती की। समाज के पदाधिकारी एवं समाज के वरिष्ठजनों द्वारा समाज को संगठित एवं मजबूत करने का संदेश दिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष राम किशोर चक्रधारी द्वारा शिक्षा का महत्व पर प्रकाश डाला गया और यह बताया गया कि पुरुषों के साथ महिलाएं को भी कंधे से से कंधा मिलाकर चलना चाहिए तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा, जयंती समारोह में मुख्य रूप



सहयोग देने वाले दानदाताओं का धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम मे छगन चक्रधारी, राजू, तरुण, मनोज कुमार, योगेश, छतेंद्र, सुदर्शन, मनोहर, प्रदीप, मोहन, लाला राम, भूखन, प्रहलाद व सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।

# बोइरडीह डेम में मिली लापता युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ सोमवार रात अपने दोस्त को मैसेज कर कहा था सॉरी

सोमवार की रात को अपने मित्र को मैसेज कर बाइक को बोइरडीह डैम के किनारे खड़ी कर लापता युवक नरेश का शव चार दिन बाद गुरुवार को शाम लगभग 4 बजे बोइरडीह डैम के किनारे पर तैरता मिला।

मिली जानकारी अनुसार राजहरा के वार्ड क्रमांक 14 के निवासी नरेश कुमार नागेश्वर सोमवार को अपने मित्र हिमालय विश्वकर्मा के मोबाइल पर रात 9:14 बजे भाई माफ कर देना, सॉरी और गुड बाय भाई, गाड़ी लेने डैम आ जाना, चाबी लेकर तेरे वाला, नही हो पा रहा अब मेरे से, ऐसा मैसेज कर मोबाइल को बंद कर दिया था, जिसके बाद परिजनों और मित्रें ने डैम के किनारे बाइक मिलने के बाद



सोमवार की रात को ही महामाया थाने में सम्पूर्ण जानकारी देते हुए गुमशुदगी की जानकारी दी। जिसके बाद मंगलवार और बुधवार को लगातार बालोद की गोताखोर टीम और बुधवार को दुर्ग की एसडीआरएफ की विशेष गोताखोर टीम ने डैम की गहराइयों में उतर कर खोजबीन की, किंतु कुछ पता नहीं चलने पर बैरंग लौट गई।

जिसके बाद गुरुवार को सुबह से महामाया थाना की टीम फिर से दोपहर लगभग दो बजे तक डैम और आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग करती रही, लेकिन परिणाम शून्य ही मिला, अंत में वापस चले गए। जिसके बाद लगभग चार बजे के आसपास कुछ ग्रामीणों ने महामाया थाने को सूचना दी कि बोइरडीह डैम में एक लाश पड़ी हुई है, जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस की टीम डैम पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाल कर ले आई। शव की सोमवार की रात से लापता हुए नरेश के रूप में पहचान घरवालों के द्वारा की गई। लगातार 65 घंटों से अधिक समय से पानी के अंदर रहने और जलीय जीव जंतुओं के काट खाने के कारण शव बेहद ही क्षत विक्षप्त हालत में था।

शव की शिनाख्त के पश्चात पुलिस द्वारा पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मरचूरी भेज दिया गया, जहां शुक्रवार को सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा। इस घटना के बाद से मृतक नरेश के घर वालों का रो रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे वार्ड में भी मातम सा पसर गया है।

# रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने में शासकीय कार्यालय फिसड्डी

**बालोद।** जिला मुख्यालय के गिने चुने शासकीय कार्यालय को छोड़ बहुसंख्यक कार्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया गया है। कहीं लगा भी है तो वह अधूरा नजर आ रहा है यानि कि हार्वेस्टिंग सिस्टम महज शोपीस बनकर रह गया। हालांकि नगर पालिका कार्यालय व जिला अस्पताल, मातृ शिशु अस्पताल, सहित गिने चुने विभाग में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा हुआ है।

जबकि पीडब्ल्यूडी कार्यालय, जिला पंजीयक, लोक निर्माण विभाग उप संभाग क्रमांक 1, शिक्षा विभाग, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल, यातायात कार्यालय, कृषि उपसंचालक कार्यालय, कोतवाली थाना सहित अन्य



शासकीय भवन व कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगा है। एक ओर जहां प्रशासन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यह सिस्टम लगाने अपील कर रही हैं, जबकि दूसरी ओर शासकीय कार्यालयों में ही इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है और कहीं पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा भी है तो वह महज खानापूर्ति ही है।

हर साल गमएँ के दिनों में तापमान एक नया रिकॉर्ड बना रहा है, और भीषण गर्मी से नदी, तालाब व जलाशय सूखते जा रहा है, यही नहीं भू–जल स्तर काफी गिर चुका है। ऐसे में भीषण जल संकट में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने से काफी हद तक लाभ मिलता है। लेकिन इस सिस्टम को घरों में लगाने लोग रुचि दिखाते नजर नही आते। सबसे बड़ी बात तो यह है कि शासकीय कार्यालयों में भी इसका पालन नहीं किया जाता।

## पेज 3 के शेष

### कक्षा 10वीं की प्रावीण्य सूची में ...

इसके साथ ही संस्कार शाला हायर सेकण्डरी स्कूल बालोद के छात्र लुकेश कुमार राजपूत एवं शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल खूटेरी की छात्र बबीता साहू ने 97.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में छठवां स्थान हासिल किया है। इसी तरह शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल करहीभरद के छात्र तोषण कुमार तथा शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल भनपूरी के छात्र खोमेन्द्र ने 97.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। इसके अलावा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल आमापारा बालोद की छात्रा खुशी टुवानी ने 97.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में नौवां स्थान हासिल किया है। इसी तरह स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल अर्जुंदा की छात्रा हेमप्रज्ञा साहू तथा शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल डुंडेरा के छात्र रितीक देवांगन ने 97.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान अर्जित किया है।

### सिविल सिर्विसेस में ...

करती थी। गणित विषय पर सबसे ज्यादा फोकस रहता था। उन्होंने बताया कि गणित विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त हुआ है। अब आगे की पढ़ाई वह गणित विषय लेकर करेगी। डॉली साहू ने कहा कि वह सिविल सर्विसेज की तैयारी करेगी। डाली साहू की माँ बिंदिया साहूएक गृहणी हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने खुद 12वीं तक पढ़ाई की है। उन्होंने बताया की उनकी तीन बेटियां है, पहली बेटी शालिनी साहू एमएससी कर रही है, वहीं उससे छोटी बेटी भाविका वर्तमान में 12वीं पास की, वहीं सबसे छोटी बेटी डाली है, जो टॉप कर चौथे स्थान प्राप्त की है।

### 12वीं में 8450 में से ...

मण्डल द्वारा विभिन्न कारणों से 01 बालक एवं 04 बालक सहित कुल 05 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम निरस्त एवं रोका गया था। इसमें से 3458 बालक एवं 4992 बालिका सहित कुल 8450 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें 1717 बालक एवं 3187 बालिका सहित कुल 4904 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 1240 बालक एवं 1415 बालिका सहित कुल 2655 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में एवं 94 बालक एवं 51 बालिका सहित कुल 145 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही 249 बालक एवं 231 बालिका सहित कुल 480 परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम पूरक आया है। इसी तरह 158 बालक एवं 108 बालिका सहित कुल 266 विद्यार्थी हायर सेकण्डरी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह से 3051 बालक एवं 4653 बालिका सहित जिले के कुल 7704 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा में 88.23 प्रतिशत बालक एवं 93.20 प्रतिशत बालिका सहित जिले के कुल 91.17 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए हैं।

### 10वीं में 10911 में से 4613 ...

निरस्त एवं रोका गया था। इसमें से 4904 बालक एवं 6007 बालिका सहित कुल 10911 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें 1694 बालक एवं 2919 बालिका सहित कुल 4613 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में तथा 1769 बालक एवं 2050 बालिका सहित कुल 3819 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में एवं 214 बालक एवं 185 बालिका सहित कुल 399 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही 371 बालक एवं 369 बालिका सहित कुल 740 परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम पूरक आया है। इसी तरह 756 बालक एवं 484 बालिका सहित कुल 1240 विद्यार्थी हायर सेकण्डरी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह से 3777 बालक एवं 5154 बालिका सहित जिले के कुल 8931 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 77.01 प्रतिशत बालक एवं 85.79 प्रतिशत बालिका सहित जिले के कुल 81.85 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए हैं।

### जिला ग्रंथालय में अध्ययन ...

अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के दौरान आने वाली कठिनाईयों एवं चुनौतियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने तथा कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब बालोद के मीडिया प्रभारी टीकम पिपरिया ने किया।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आया ...

तार के चपेट में आ गया, जिससे उसे जोरदार करंट लगा। घटना के बाद आसपास लोगों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार मृतक दरबार ठाकुर के दो छोटे बच्चे हैं। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** विरेन्द्र कुमार कृषण पिता/पति नीलकंठ कृषण, सोरली अछोली, जिला बालोद, रामकुमार नायक पिता/पति स्व. तमेर सिंह नायक, कोसमी, जिला बालोद, हेमंत कुमार कामड़े पिता/पति भैय्या राम, पीपर छेडी चारवाही, जिला बालोद, चन्द्रशेखर सिन्हा पिता/पति कृपाराम सिन्हा, परसतराई अर्जुन्दा, जिला बालोद, चित्रानी सहिरो पिता/पति सेजराज साहिरो, पाररास वार्ड न.-20, जिला बालोद, लक्ष्मी चन्द धनकर पिता/पति हजारी राम, सोरार बालोद, जिला बालोद, छबि लाल राणा पिता/पति स्व. शिवदयाल, गारका भीमकन्हार, जिला बालोद, जयंत कुमार देवांगन पिता/पति संतोष कुमार देवांगन, वार्ड न.-11 अर्जुन्दा ह.न.-47, जिला बालोद, लालू राम साहू पिता/पति स्व. डेहरा राम साहू, सरेखा, जिला बालोद, योगेश कुमार देशमुख पिता/पति पुरेन्द्र कुमार देशमुख, बिरेतरा भाटा गाँव, जिला बालोद, नरेन्द्र जांगडे पिता/पति स्व. इतवारी राम जांगडे, वार्ड न.-13 आमापारा बालोद, जिला बालोद, विश्वजीत मानिकपुरी पिता/पति दानवीर दास मानिकपुरी, वार्ड न.-12 डोंडीलोहारा, जिला बालोद, हितेश कुमार देवांगन पिता/पति हेमलाल देवांगन, टिकरी अर्जुन्दा, जिला बालोद, तुलाराम साहू पिता/पति सुन्दर लाल साहू, रजोली गुण्डरदेही, जिला बालोद, तुलसी राम देवांगन पिता/पति स्व. बीसली राम देवांगन, गुरुर, जिला बालोद, हमेन्द्र कुमार साहू पिता/पति भजनलाल साहू, नवागांव डून्डेरा अर्जुन्दा, जिला बालोद, नागेश्वर दास मानिकपुरी पिता/पति स्व. विशाल दास, आसरा खेरधा बाज़ार, जिला बालोद, छाबिलेश्वर आठ्भैया पिता/पति कँवल सिंह आठ्भैया, वार्ड न ८ राजापारा, जिला बालोद, अनिल कुमार सोनकर पिता/पति सुखनंदन लाल सोनकर, गुंडरदेही, जिला बालोद, भीमराज सिन्हा पिता/पति अश्वनी कुमार, कचान्दुर, जिला बालोद, रामपाल साहू पिता/पति स्व. रामेशर साहू, घुमका माहावीर, जिला बालोद, ईश्वर लाल भूआर्य पिता/पति जागेश्वर भूआर्य, मुढिया सुरेगाँव, जिला बालोद, परसु राम देवांगन पिता/पति सेउक राम देवांगन, कोर्मुन्दा अछोली, जिला बालोद, दुष्यंत कुमार टंडन पिता/पति कोजम दास टंडन, अर्जुन्दा, जिला बालोद, युवराज पाल पिता/पति आशा राम, भरदा कला, जिला बालोद, सुनील यादव पिता/पति स्व. जय लाल प्रसाद यादव, टिकय पारा वार्ड -04, जिला बालोद, होमन सिंह नागवंशी पिता/पति मुरहरम नागवंशी, वार्ड न.05 आमापारा डोंडी बालोद, जिला बालोद, मनोज कुमार पौसार्य पिता/पति उदय राम पौसर्या, नयापारा सोरार, जिला बालोद, बिरेन्द्र कुमार ठाकुर पिता/पति प्यारी लाल ठाकुर, करहीभदर, जिला बालोद, दूज राम ठाकुर पिता/पति स्व. रणजीत ठाकुर, कन्नेवाडा करहीभदर, जिला बालोद, रिना सोनी पिता/पति गजानंद सोनी, डौंडी दल्ली जिला बालोद।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### प्रगति विद्यालय में 95.8 प्रतिशत लेकर शिल्पी रही पहले स्थान पर

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित परीक्षाफल में प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 10 वीं की छात्रा शिल्पी देवांगन पिता राजेंद्र देवांगन देवरी बंगला ने सर्वाधिक 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर विनीता साहू ने 82 तथा साहिल भुआर्य ने 80.8 प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुल 34 विद्यार्थियों में 13 प्रथम ,08 द्वितीय,01 तृतीय ,04 को पूरक की पात्रता मिली , इसी तरह कक्षा 12 वीं में कृषि संकाय के जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने 83.8% अंक प्राप्त कर प्रथम , गणित संकाय की लक्ष्मी देवांगन ने 82.8% अंक प्राप्त कर दूसरा एवं चंचल जैन जीवविज्ञान संकाय में 82.6% प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया , कुल 30 विद्यार्थियों में 14 प्रथम ,06 द्वितीय,01 तृतीय तथा 04 को पूरक की पात्रता मिली। सभी सफल विद्यार्थियों को संस्था अध्यक्ष हस्तीमल सांखला , सचिव फूलचद जैन , ललित सिंह गौर , प्राचार्य राजकुमार देवांगन , प्रधानाचार्य कीर्तिबाला टांक , मंजूलता दिल्लीवार , परीक्षा प्रभारी बलदेव सिंह यादव , राधेश्याम गंजीर , उमेंद कुमार सिन्हा , मूलचद साहू सहित सभी पदाधिकारी एवं स्टाफ ने बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### शासकीय विद्यालय कुथरेल के 25 बच्चे प्रथम श्रेणी में हुए उत्तीर्ण

**अंडा।** शासकीय उच्च माध्यमिक शाला कुथरेल के 10 वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया जिसमें विद्यार्थियों का बेहतरीन परिणाम रहा। 25 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 27 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी व 04 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सभी विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत कुथरेल के समस्त जनप्रतिनिधियों की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सरपंच राजश्री चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, प्राचार्य इंदु मलिक, श्री गौतम, उपसरपंच लोमश चन्द्राकर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं जनप्रतिनिधियों ग्राम पंचायत कुथरेल ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### जिला प्रशासन ने प्रेक्षकों का किया धन्यवाद ज्ञापित

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र दुर्ग 7 में 7 मई 2024 को तीसरे चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न सफलता में प्रेक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। जिसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने एडीएम अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी कुमार देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बजरंग दुबे की उपस्थिति में जिला प्रशासन की ओर से सामान्य प्रेक्षक श्री श्रीकेश लथकर एवं व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्टी को नंदी की मूर्ति भेंट की।

### परिणाम : स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल झलमला की छात्रा है जिले से एकमात्र टॉपर

# किसान की बेटी हर्षवती ने 12वीं में पाया 5वां स्थान, अब सिविल सर्विसेस की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल झलमला की छात्रा हर्षवती साहू ने 96 प्रतिशत के साथ पांचवां स्थान हासिल किया है। हर्षवती साहू आगे सिविल सर्विसेज के लिए तैयारी करना चाहती है।



शुरू से मेधावी रही हर्षवती साहू ग्राम उमरादाह से रोजाना 5 किलोमीटर दूरी तय कर सायकल से पढ़ाई करने ग्राम झलमला के स्कूल आती थीं। जहाँ शिक्षकों के प्रत्येक क्लास को अटेंड कर नोट कर लेती थी, उसके बाद वह उसी नोट को पढ़कर पढ़ाई की समस्या को दूर करती थी। हर्षवती ने बताया कि उसने कोई ट्यूशन संस्थान या ऑनलाइन क्लास का सहयोग नहीं लिया, सिर्फ स्कूल के शिक्षकों की पढ़ाई की बदौलत उन्हें यह मुकाम हासिल हुआ है।



हर्षवती साहू ने बताया कि मैं बहुत खुश हूं, मुझे सपना जैसा लग रहा है कि मैं टॉप टेन में पाँचवा स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए मैं अपने सभी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित चाहती हूँ। उन्होंने बताया कि कला संकाय के लोगों को पढ़ाई में कमजोर समझा जाता है, इसलिए 12वीं में टॉप कर इस मानसिकता को बदलना चाहती थी, जिसके लिए उन्हें माता-पिता का भरपूर सहयोग मिला। वह रोजाना 2 घंटे पढ़ाई के लितए समय देती थी। उन्होंने बताया कि घर में पढ़ाई करने से ज्यादा फोकस शिक्षकों के क्लास अटेंड करने पर ध्यान देती थीं। उन्होंने बताया कि वे सेल्फ स्टडी करती थीं। हर्षवती के पिता किरण कुमार साहू किसान हैं। किरण कुमार ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें से एक बड़ा बेटा डीएड की तैयारी कर रहा है और बीच वाली बेटी हर्षवती हैं, वहीं एक छोटा बेटा कक्षा पांचवी पढ़ता है। बेटी की इस सफलता से पूरा परिवार गदगद है। किरण साहू ने बताया उनके पास दो एकड़ जमीन है, जिसमें वह खेती करते है और साथ में बिजली मिस्त्री का काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करते है, बच्ची के पढ़ाई के लिए उन्होंने कभी कोई कमी नहीं होने दी। हर्षवती साहू की माँ हेमीन साहू ने बताया सभी बच्चे पढ़ाई में अच्छे है, घर में खेती के साथ ही मजदूरी का कार्य कर बच्चों को पढ़ाते है, पढ़ाई के लिए बच्चों पर कोई दबाव नहीं दिया।



## डेटा साइंटिस्ट बनना चाहती है खुशी

**बालोद।** शहर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय आमापारा में कक्षा दसवीं में पढ़ने वाली बालोद नगर की खुशी टुवानी ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौवां स्थान हासिल किया है। सबसे महत्वपूर्ण बात खुशी ने गणित और सामाजिक विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त की है। 16 साल की खुशी टुवानी 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में बालोद जिले का नाम रौशन किया है। वहीं उन्होंने आगे की पढ़ाई गणित विषय के साथ करने का फैसला लिया है। खुशी टुवानी डेटा साइंटिस्ट बनना चाहती हैं। उनके पिता उमेश टुवानी और माता रश्मि टुवानी सहित घर के अन्य बड़े बुजुर्गों का कहना है कि बेटी ने प्रदेश भर में टुवानी परिवार और बालोद शहर का मान बढ़ाया है, वो जो बनना चाहती है उसे बनाने में हर संभव प्रयास हम करेंगे।

- 10वीं की परीक्षा में 97 .33 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में प्राप्त किया नौवां स्थान

## डॉक्टर बनना चाहता है तोषण



**गुरूर।** जिले के गुरुर ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत स्थित ग्राम अर्जुनी के छात्र तोषण साहू ने दसवीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार तोषण कुमार शासकीय कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल करहीभदर का छात्र है जो रोजाना 6 किलोमीटर की लम्बी दूरी तय कर करहीभदर पढ़ाई करने आता था, जिन्होंने कड़ी मेहनत के दम पर 97.50 प्रतिशत प्राप्त कर आठवां स्थान हासिल किया है। तोषण कुमार ने बताया कि स्कूल में शिक्षकों के साथ ही स्कूल प्रबंधन का पूरा सहयोग हमेशा मिलता रहा। रोजाना लगभग 4 घंटे पढ़ाई करने लगा। इसके साथ ही ट्यूशन के माध्यम से भी पढ़ाई कर रहा था। उन्होंने बताया कि आगे की पढ़ाई बायो संकाय के माध्यम से करना चाहता हूँ और डॉक्टर बनना चाहता हूँ। तोषण कुमार एक गरीब परिवार से है, जिनके पिता हेमंत कुमार खेती किसानी का काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, जिनके पास मात्र ढाई एकड़ खेत है, जिससे परिवार के छः लोगों का जीवन चलता है, जो अपने बच्चों की पढ़ाई पर पूरा ध्यान देते हैं। उनके दो बच्चे हैं, एक बड़ी बेटी है जो एमएससी कर चुकी है। तोषण कुमार प्रावीण्य सूची में जगह बनाने की खबर सुनकर करहीभदर स्कूल के शिक्षक, सरपंच व ग्रामीण उसके घर पहुँचे और तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर छात्र व उनके परिजनों को बधाई दी। खुशी के इस पल में छात्र के पिता माँ और दादा-दादी व उनकी बड़ी बहन की आँखें खुशी से नम नजर आ रही थीं।

- 97 .50 प्रतिशत प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में पाया आठवां स्थान

## पद्मनी ने मजदूर मां के त्याग को किया सार्थक, टॉप टेन में पाया 5वां स्थान

**गुरूर।** विपरीत परीस्थितियों में भी सफलता के उच्च शिखर को छूने का इतिहास भारतीय नारी शक्ति में रहा है। कक्षा 10वीं की प्रवीण्य सूची में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली पद्मनी शॉडिल्य की कहानी कुछ ऐसी ही है। गरीब मां की बेटी ने मां के त्याग को सार्थक किया।



- गणित व विज्ञान में पाए शत-प्रतिशत अंक, बड़ा अफसर बनना चाहती है

ग्राम उसरवारा जैसे छोटे ग्राम की रहने वाली पद्मनी शांडिल्य के पिताजी का निधन हो गया है। मां प्रतिभा शांडिल्य ने रोजी मजदूरी कर बेटी को पाला व संवारा। दो बहनों में छोटी प्रतिभा को बड़ी बहन प्रीति का भी सहयोग व मार्गदर्शन मिला। अभावों के बीच, विपरीत परीस्थितियों में भी पद्मनी ने हिम्मत नहीं हारी एवं मां के संबल के जरिए 7 किलोमीटर दूर ग्राम फागुनदाह सायकल से जाकर पढ़ाई की और प्रदेश में ग्राम स्कूल व जिले का नाम रौशन किया।

विशेष बात यह रही कि पद्मनी ने सामाजिक विज्ञान व गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त किया है। उसने कुल 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 5वां स्थान बनाया है। पद्मनी बड़ा अफसर बनना चाहती है। पद्मनी की मेहनत व प्रतिभा को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फागुनदाह के शिक्षक प्राचार्य एमके सिन्हा, डीके साहू, एसजी गंगबेर, जितेंद्र शर्मा, जीपी बारले, टीआर पटेल, केके ठाकुर, एमएस पैकरा, आरके गुरुपंच, एचएल ध्रुव, टी कमलवंशी, वायके पटेल, एनके साहू, वायके साहू ने संवारा व मार्गदर्शन किया।

## बड़ा अधिकारी बनना चाहता है किसान का बेटा खोमेंद्र, टॉप 10 में पाया 8वां स्थान



**गुरूर।** ग्राम भानपुरी के किसान रेवाराम के बेटे खोमेन्द्र कुमार साहू ने कक्षा 10वीं की प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 8वां स्थान प्राप्त किया है। खोमेन्द्र प्रतिदिन 5-6 घंटे पढ़ाई करता था। बड़ा भाई 12 वीं कक्षा पहुंचा है। मां द्रोपती बाई गृहणी है एवं 10 वीं तक पढ़ाई की है, लेकिन वे अपने दोनों बच्चो की पढ़ाई के प्रति बहुत गंभीर हैं। द्रोपती साहू दोनों बच्चों को पढ़ा लिखाकर बड़ा अफसर बनाना चाहती हैं। खोमेन्द्र कुमार की सफलता पर ग्राम में हर्ष का माहौल है। खेमेन्द्र कुमार आगे सिविल सेवा में जाना चाहता है। सरपंच आनंद साहू सहित ग्राम प्रमुख ग्रामीणों ने रेखराम के घर पहुंच उन्हें बधाई दी। इस दौरान खोमेंदर कुमार साहू पिता रेखराम, माता द्रोपति साहू, दादा छन्नू राम, दादी केवरा बाई, बड़े पिता पुनाराम, बड़ी मां ननकी साहू, बड़े भाई गौरव साहू, गिरीश कुमार, नवीन साहू, अरूण साहू सरपंच, फत्ते राम साहू, सोमेश कुमार, ग्राम पंचायत और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शिक्षकों की कमी से जूझते स्कूल की छात्रा जिज्ञासा मेरिट में 5वें नंबर पर



**गुरूर।** जो स्कूल पूरे शिक्षा सत्र में शिक्षकों की कमी से जूझता रहा, उसी स्कूल की एक बच्ची ने 10वीं की प्रावीण्य सूची में 5वां स्थान प्राप्त कर बता दिया, कि परिस्थितियां जैसी भी हों, मेहनत और लगन से मनचाहा मुकाम पाया जा सकता है। अभावों से घिरी शासकीय हाई स्कूल धनेली की छात्रा जिज्ञासा साहू की इस सफलता पर उसके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जिज्ञासा आगे डाक्टर बनना चाहती हैं। उल्लेखनीय है कि शासकीय हाई स्कूल स्कूल धनेली पूरे सत्र शिक्षकों की कमी से जूझता रहा है। विद्यालय में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हुई है। लेकिन, विपरीत परिस्थितियों के बाद भी जिज्ञासा ने सेल्फ स्टडी कर सफलता प्राप्त की है। दो भाई बहन में छोटी जिज्ञासा के समक्ष आगे भी चुनौतियां कम रही है। पिता जितेश कुमार साहू कृषक हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर है। जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू ने कहा कि ऐसे होनहार बच्चों को शासन को गोद लेकर उसकी पढ़ाई का पूरा खर्च उठाना चाहिए, जिससे गरीब बच्चे भी अच्छी पढ़ाई कर देश सेवा में अपना योगदान दे सकें।

- डॉक्टर बनना चाहती है किसान की बेटी

## अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा




**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर में अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से नगर पंचायत गुरूर से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों के समुचित प्रबंधन के उपायों के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को नगर पंचायत गुरूर में साफ-सफाई एवं अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीएम पूजा बंसल, तहसीलदार हनुमंत श्याम, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय घीना में शिक्षकों, पालकों व प्रबंधन समिति के सदस्यों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, पालकों तथा शिक्षकों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। रूपसिंह रावटे ने बताया कि बैठक में मुख्य बिंदु, कक्षा दसवीं व बारहवीं के 2024 के वार्षिक परीक्षा परिणाम से संबंधित विद्यार्थियों व उनके पालकों को समझाइश देना था। असफल विद्यार्थी व परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थियों द्वारा कभी-कभी गलत कदम उठा लेते हैं। बैठक में अपील की गई कि संबंधित पालक अपने बच्चों को हताश व परेशान न करते हुए उन्हें भविष्य के लिए पुनः तैयार रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

- परीक्षा परिणाम में आशाजनक परिणाम नहीं आने पर बच्चों को हताश नहीं होने प्रेरित करने की गई अपील



विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा दें कि वे अपने परिणाम को मानसिक रूप से स्वीकार करें। साथ ही नये शिक्षा सत्र के प्रारंभ की तैयारी पर भी चर्चा की गई। प्रारंभ से ही कक्षा में अध्यापन की जाएगी। अतः पालक अपने बच्चों का शुरू दिवस से ही पूरी तैयारी से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें। अंत में प्राचार्य एमएल ठाकुर ने उपस्थित सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।

### पर्व को लेकर अंचल के बच्चों में उत्साह का वातावरण

# अक्षय तृतीया आज, बच्चे रचाएंगे गुड्डे-गुड़ियों का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/अंडा

अक्षय तृतीया का पर्व आज मनाया जाएगा। सनातन परंपरा का अनुसरण करते हुए दल्लीराजहरा में अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुड़िया की शादी करने की परंपरा है। छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में अक्षय तृतीया को 'अक्ती' के नाम से जाना जाता है। दल्लीराजहरा में अक्ती पर्व मनाए जाने की तैयारियां पहले से शुरू हो गई हैं।

सनातन धर्म में हर तीज त्योहार और व्रत का विशेष महत्व बताया गया है। उन्हीं में से एक है अक्षय तृतीया का पर्व, जिसे बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। सनातन प्रथा परंपरा का अनुसरण करते हुए दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुड़िया की शादी आज रचाएंगे।



परिवार के छोटे बच्चे अपने गुड्डा-गुड़ियां का विवाह रचाकर खुशियां मनाते हैं। बच्चों की खुशियों में परिवार के बड़े-बुजुर्ग भी शामिल होते हैं। पुतरा-पुतरी का नकली विवाह रचाने के जरिए बच्चों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति में निभाए जाने वाले संस्कारों की जानकारी दी जाती है, ताकि बच्चे जब बड़े हो जाएं तो उन्हें पहले से संस्कारों की जानकारी हो। इन संस्कारों में तालाब से चुलमाटी लाने की रस्म, तेल, हल्दी लगाने, सिर पर मौर-मुकुट बांधने, फेरे लेने, विदाई आदि रस्मों के बारे में सिखाया जाता है। अक्षय तृतीया को ध्यान में रखते हुए दल्लीराजहरा का नया बाजार मिट्टी से बने गुड्डा-गुड़िया, सजावटी और विवाह रस्मों के सामानों से गुलजार है।आज अक्षया तृतीया के पर्व पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे,और अक्षय-तृतीया महापर्व मनाया जाएगा।

## बाजारों में खूब बिके गुड्डे-गुड़िए और विवाह में काम आने वाले सामान



**बालोद।** आज अक्षय तृतीया के पर्व है। आज का दिन अपने आप में शुभ दिन माना जाता है। आज के दिन जो भी कार्य सच्चे मन और श्रद्धा पूर्वक करें तो वह शुभ माना जाता है, वहीं दान का भी विशेष महत्व आज के दिन माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि अक्षय तृतीया के दिन दान करने से सुख शांति बनी रहती है। इसी के साथ ही छत्तीसगढ़ में परंपरागत रूप से गुड्डा गुड्डी की शादी का कार्यक्रम आज देखने को मिलेगा। अक्षय तृतीया के दिन शादी के बंधन में बंधने और सात फेरे लेना शुभ माना जाता है, ऐसे में आज गुड्डा गुड्डी की शादी के साथ ही शादी योग्य युवक युवतियों की भी सहनाई बजने वाली है। गुरुवार को शहर के बाजार में मिट्टी के बने गुड्डा गुड्डी व उनके विवाह के समान की खूब बिक्री हुई। गुड्डा गुड्डी की जोड़ी 80 से 100 रुपए तक बिकी है।

